CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 203 रायपुर, रविवार 17 अगस्त 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में बादल फटने से तबाही

# सात लोगों की मौत, पांच घायल

**नई दिल्ली, 17 अगस्त (न्यूज चैनल)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रविवार तड़के बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। जिले में रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग और जंगलोट के जोध घाटी गांव में यह आपदा आई।

### बचाव अभियान जारी



कठुआ के जिला विकास आयुक्त राजेश शर्मा वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बचाव और राहत अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बादल फटने से प्रभावित जोध घाटी में जहां पांच लोगों की जान चली गई, वहां गांव तक पहुंचने का रास्ता बंद हो गया और कुछ घरों को नुकसान पहुंचा है। वहीं जंगलोट इलाके में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दो लोगों की जान चली गई।

उन्होंने बताया कि जोध घाटी से पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पुलिस, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय स्वयंसेवकों द्वारा संयुक्त बचाव अभियान जारी है। कठुआ थाना इलाके के बागड़ और चांगडा गांवों और लखनपुर थाना क्षेत्र के दिलवान-हुतली में भी भूस्खलन हुआ। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण अधिकांश जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है और उझ नदी खतरे के निशान के पास बह रही है। जिला प्रशासन स्थिति पर कड़ी नज़र रखे हुए है और लोगों से उनकी सुरक्षा के लिए जलाशयों से दूर रहने का अनुरोध किया है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया और प्रशासन को लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राहत, बचाव और निकासी के उपाय करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कठुआ के कई हिस्सों, जिनमें जोध खड्ड और जुथाना भी शामिल हैं, में भूस्खलन से हुई दुखद जनहानि और क्षति पर दुख व्यक्त किया है। इस भूस्खलन में चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने लिखा कि सीएम ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और सभी आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल राहत, बचाव और निकासी उपाय करने का निर्देश दिया है।

वहीं, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि नागरिक प्रशासन, सेना और अर्धसैनिक बल कठुआ में बचाव और राहत अभियान चलाने के लिए तत्पर हैं। सिंह ने लिखा कि जंगलोट इलाके में बादल फटने की सूचना मिलने के बाद एसएसपी कठुआ शोभित सक्सेना से बात कर जानकारी ली है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल कार्यालय ने पोस्ट किया कि कठुआ के कई इलाकों में बारिश के कारण हुए विनाशकारी भूस्खलन में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है। यह त्रासदी मन को स्तब्ध कर देने वाली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे बचाव और राहत कार्यों की जानकारी दी। कठुआ जिले में अचानक आई बाढ़ (फ्लैश फ्लड) के कारण दो अलग-अलग स्थानों के 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बगरा, जंगलोट (तहसील कठुआ) की रेणु देवी (39 वर्ष) और उनकी बेटी राधिका (9 वर्ष) की मौत हो गई। वहीं जोड़े गांव (तहसील कठुआ) में सुरमु दीन (30 वर्ष), उनके बेटे फानू (6 वर्ष) और शेडू (5 वर्ष), हबीब दीन के बेटे टाहू (2 वर्ष) और बशीर अहमद की बेटी जुल्फान (15 वर्ष) भी इस हादसे में मौत हो गई। कठुआ में बादल फटने की घटना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बात कर हालात की जानकारी ली। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं।

## 11000 करोड़ का तोहफा: पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

# यूईआर-2 और द्वारका एक्सप्रेसवे से दिल्ली-एनसीआर का सफर होगा आसान

**नई दिल्ली, 17 अगस्त (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया किया। इन परियोजनाओं में दिल्ली खंड का द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) शामिल हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पीएम ने मुंडका में रोड शो किया, जिसमें उन्होंने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान लोगों में भारी उत्साह नजर आया।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाना, यात्रा समय कम करना और दिल्लीवासियों को जाम से राहत दिलाना है। उद्घाटन से पहले पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) का निर्माण करने वाले श्रमिकों के साथ बातचीत की।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यूईआर-2 (अर्बन एक्सटेंशन रोड-2) को राजधानी के लिए गेम-चेंजर बताया। ये कॉरिडोर दिल्ली को जाम से राहत देगा, 40 मिनट में आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचाएगा। एनसीआर से चंडीगढ़ तक यात्रा आसान होगी और प्रदूषण कम होगा। मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा है कि ये प्रोजेक्ट विकसित दिल्ली बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूईआर-2 दिल्ली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण परियोजना है। ये कॉरिडोर अलीपुर (एनएच-44) से शुरू होकर मुंडका, बक्करवाला, नजफगढ़ और द्वारका होते हुए महिपालपुर (एनएच-48) तक जाएगा। इसकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि अब सिंघू बॉर्डर से आईजीआई एयरपोर्ट तक का सफर, जो पहले दो घंटे लेता था, मात्र 40 मिनट में पूरा होगा। ये रोड इनर और आउटर रिंग रोड पर वाहनों का दबाव कम करेगा।

## ब्रेकिंग न्यूज

### दही हांडी उत्सव में गोविंदाओं ने फोड़ी मटकी; मुंबई-ठाणे में हादसा, दो की मौत, 117 घायल

**नई दिल्ली, 17 अगस्त (न्यूज चैनल)।** महाराष्ट्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दही हांडी उत्सव की धूम रही। भगवान कृष्ण के जन्म की खुशी में मनाए जाने वाले इस उत्सव में युवक-युवतियों की टोलियां मानव पिरामिड बनाकर रस्सियों से हवा में लटकी दही हांडी को तोड़ती नजर आईं। इन उत्सवों में मशहूर हस्तियों ने भी भाग लिया। वहीं उत्सव के दौरान मुंबई और ठाणे में हुए हादसों में दो लोगों मौत हो गई। जबकि 117 लोग घायल हो गए। एक अफसर ने बताया कि गांवदेवी गोविंदा पथक का हिस्सा रोहन मोहन मालवी शनिवार को मुंबई के अंधेरी इलाके के आदर्श नगर में एक टेंपों में बैठे हुए बेहोश हो गए। मोहन ने हाल ही में पीलिया होने के कारण पिरामिड निर्माण में हिस्सा नहीं लिया। उन्हें घाटकोपर के राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इससे पहले ठाणे के मानखुर्द में दही हांडी बांधते समय जगमोहन शिवकिरण चौधरी नामक 32 वर्षीय व्यक्ति की गिरने से मौत हो गई।

### शरद पवार बोले- 1978 में वसंतदादा सरकार गिराई, फिर भी 10 साल बाद सीएम पद के लिए मेरा नाम आगे बढ़ाया

**नई दिल्ली, 17 अगस्त (न्यूज चैनल)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा है कि उन्होंने 1978 में वसंतदादा पाटिल के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को गिराने की पहल की थी। इसके बावजूद उन्होंने एक दशक बाद मुख्यमंत्री पद के लिए उनका नाम आगे बढ़ाया। शरद पवार ने शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम में कहा कि उस समय कांग्रेस के पास इस तरह का उदार हृदय वाला नेतृत्व था। शरद पवार ने 1999 में कांग्रेस से नाता तोड़ लिया था और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) बनाई।

## नाबालिग को किडनैप कर ले गया जंगल, 2 दिन तक किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**जशपुर, 17 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जिले से नाबालिग का अपहरण कर बलात्कार करने मामला सामने आया है. आरोपी ने नाबालिग का अपहरण कर जंगल ले गया. जहां 2 दिन तक हैवान ने जबरन दुष्कर्म किया. पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है. कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है. मामला पंडरापाठ चौकी क्षेत्र का है.

एएसपी अनिल कुमार सोनी ने बताया कि पूरी घटना पंडरापाठ चौकी क्षेत्र का है. जहां आरोपी मनदीप राम ने 10 अगस्त को एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया था. इसके बाद अपने साथ जबरदस्ती जंगल ले गया और 2 दिन तक रखा. आरोपी ने नाबालिग पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म किया. पीड़ित परिवार ने 12 अगस्त को चौकी में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की. पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के साथ ही पॉक्सो एक्ट की धारा 5 और 6 के तहत मामला दर्ज किया. इसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी मनदीप राम को उसके घर से हिरासत में ले लिया और आरोपी के चंगुल से पीड़िता को छुड़ाया गया. पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## कांकेर में रायपुर के युवक की मौत, जलप्रपात में हुआ हादसा

**कांकेर, 17 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जिले में मलांजकुडुम जलप्रपात में दर्दनाक हादसा हो गया. वाटरफॉल से एक युवक पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया. हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतक अपने दोस्तों के साथ यहां घुमने के लिए आया था. जानकारी के मुताबिक, रायपुर से गोपाल चंद्राकर और उसके 5 दोस्तों शनिवार को मलांजकुडुम वाटरफॉल पहुंचे थे. इसी दौरान गोपाल डेंजर जोन में चला गया और चिकने पत्थर में पैर फिसलने से नीचे गिर पड़ा. युवक के दोस्तों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, लेकिन अंधेरा होने के कारण रात में रेस्क्यू नहीं हो सका. रविवार सुबह नगर सेना और गोताखोरों की टीम ने रेस्क्यू कर युवक का शव बरामद किया. गौरतलब है कि मलांजकुडुम जलप्रपात में हर साल हादसे होते आ रहे हैं, लेकिन पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस इंतजाम अब तक नहीं किए गए हैं. 2022 में भी यहां दो युवकों की मौत हो चुकी थी. लगातार हो रहे हादसों ने पर्यटन स्थलों की बदइंतजामी और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।



## पद्मश्री डॉ. बीके जैन होंगे एम्स रायपुर के नए अध्यक्ष, स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किया नोटिफिकेशन



**नई दिल्ली/रायपुर, 17 अगस्त (हाईवे चैनल)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पद्मश्री डॉ. बुधेन्द्र कुमार जैन को नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। मंत्रालय ने 14 अगस्त को गजट नोटिफिकेशन जारी कर इसकी आधिकारिक घोषणा की। डॉ. जैन वर्तमान में चित्रकूट श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं। वे सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक भी हैं। इसी वर्ष उन्हें नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में 50 वर्षों के योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया। नई जिम्मेदारी मिलने पर डॉ. जैन ने सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय का आभार जताया है। उन्होंने गुरुदेव रणछोड़दास जी महाराज को अपनी सेवा भावना का प्रेरक बताया। डॉ. जैन ने मानवता की सेवा के लिए निरंतर काम करने का संकल्प लिया है। वे रोगियों की भलाई और स्वस्थ जीवन के लिए प्रयास करेंगे।

## गुरुग्राम में एल्विश के घर पर 24 राउंड फायरिंग बाइक सवार बदमाशों ने बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां

**नई दिल्ली, 17 अगस्त (न्यूज चैनल)।** हरियाणा के गुरुग्राम में मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव के घर पर फायरिंग का मामला सामने आया है। सुबह करीब 5:30 बजे की यह घटना है। जिस समय एल्विश यादव के घर पर गोली चली, उस दौरान घर पर उसकी मां सुषमा यादव मौजूद थीं। सेक्टर 56 थाना पुलिस मौके पर मामले की जांच करने में जुटी है। जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम के गांव वजीराबाद में एल्विश यादव के घर पर बाइक सवार अज्ञात हमलवारों ने करीब 24 राउंड फायर किए। फायरिंग होते ही एल्विश यादव के घर केयरटेकर का काम करने वाला शख्स घबराकर अंदर भाग गया। साथ ही जानकारी एल्विश यादव के पिता मास्टर राम अवतार को दी। मास्टर राम अवतार ने बताया कि हमलावर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर भाग गए। फायरिंग के समय एल्विश यादव घर पर नहीं थे। तीन हमलवार बाइक पर आए थे, एक हमलावर बाइक से थोड़ी दूर पहले ही उतर गया था दो लड़कों ने ताबड़तोड़ गोली चलाई। एल्विश के पिता ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है, हमें पुलिस की कार्रवाई पर पूरा विश्वास है।



## सासाराम से शुरू हुई मतदाता अधिकार यात्रा

# राहुल संग मंच पर दिखे लालू-तेजस्वी और खरगे

**नई दिल्ली, 17 अगस्त (न्यूज चैनल)।** आज से कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनाव आयोग की स्क्रप्रक्रिया को लेकर बिहार के सासाराम से 'मतदाता अधिकार यात्रा' की शुरुआत करेंगे। यह यात्रा 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। मतदाता अधिकार यात्रा कार्यक्रम में राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि लालू और लोहिया हमेशा कहते रहे हैं कि %वोट का राज मतलब छोटे का राज%...। भाजपा वाले चुनाव आयोग से वो काम करवा रहे हैं जो वो खुद नहीं कर पा रहे हैं, यानी वो आपसे आपका अधिकार छीन रहे हैं।



गौरतलब है कि रोहतास जिले में लोकसभा की दो सीटें हैं, जबकि विधानसभा की सात सीटें आती है। पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में इन सभी सीटों पर महागठबंधन का ही कब्जा है, जिसे आगामी विधानसभा चुनाव में बरकरार रखने में यह यात्रा काफी फायदेमंद साबित होगी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में कथित अनियमितताओं के खिलाफ कांग्रेस ने शनिवार से 'मतदाता अधिकार यात्रा' की शुरुआत कर दी। इस यात्रा के लिए राहुल गांधी सासाराम पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। खास बात यह रही कि इस मंच पर कांग्रेस के साथ राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महागठबंधन के अन्य दिग्गज नेता भी मौजूद रहे। इससे यात्रा की शुरुआत महागठबंधन की एकजुट ताकत के बड़े प्रदर्शन में तब्दील हो गई।

## दिव्यांगता के चलते सैन्य प्रशिक्षण से हटे कैडेटों की हालत पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान, सुनवाई कल

**नई दिल्ली, 17 अगस्त (न्यूज चैनल)।** दिव्यांगता के चलते सैन्य प्रशिक्षण से बाहर किए गए कैडेटों की मौजूदा हालत पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इन कैडेटों को प्रशिक्षण के दौरान दिव्यांग पाए जाने पर सैन्य संस्थानों ने चिकित्सा आधार पर छुट्टी दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ स्वतः संज्ञान याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगी। 12 अगस्त को जारी एक मीडिया रिपोर्ट में कैडेटों का मुद्दा उठाया गया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि कैडेट कभी राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) जैसे देश के शीर्ष सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षण का हिस्सा थे। 1985 से अब तक लगभग 500 अधिकारी कैडेटों को प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता के कारण सैन्य संस्थानों से चिकित्सा आधार पर छुट्टी दे दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अकेले एनडीए में ही लगभग 20 ऐसे कैडेट हैं, जिन्हें 2021 से जुलाई 2025 के बीच केवल पांच वर्षों में चिकित्सा सेवा से छुट्टी दे दी गई। अब कैडेट को बढ़ते चिकित्सा बिलों का सामना करना पड़ रहा है। कैडेट को सेना की ओर से मासिक अनुग्रह राशि का भुगतान किया जा रहा है, लेकिन यह बहुत कम है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि सेना के नियमों के मुताबिक ये कैडेट पूर्व सैनिक (ईएसएम) का दर्जा पाने के हकदार नहीं हैं। इसलिए उनको पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के तहत सैन्य सुविधाओं और सूचीबद्ध अस्पतालों में मुफ्त इलाज जैसी सुविधा का लाभ नहीं दिया जा सकता। क्योंकि उनकी विकलांगता अधिकारी के रूप में कमीशन प्राप्त करने से पहले प्रशिक्षण के दौरान हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि इस श्रेणी के सैनिकों के विपरीत कैडेटों को अब दिव्यांगता की सीमा के आधार पर 40,000 रुपये प्रति माह तक का अनुग्रह भुगतान मिलता है। जबकि यह राशि बुनियादी जरूरतों से बहुत कम है।



# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नन्हें बाल गोपालों की अठखेलियों से गुलजार हुआ मुख्यमंत्री निवास

### सीएम साय ने आंगनबाड़ी के बच्चों संग हर्षोल्लास के साथ मनाई जन्माष्टमी

**रायपुर, 17 अगस्त (हाईवे चैनल)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास में इस बार जन्माष्टमी का उत्सव राजधानी रायपुर के बैरन बाजार स्थित आंगनबाड़ी के नन्हें-मुन्ने बच्चों के साथ मनाया। बच्चों ने राधा और कृष्ण का रूप धरकर अपनी अठखेलियों और मनमोहक वेशभूषा से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। इस दौरान पूरे निवास परिसर को फूलों, रंगीन रोशनियों और सजावट से सुसज्जित किया गया, जिससे वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया।



बता दें कि इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने कृष्ण-लीला की झांकियां और प्रसंग प्रस्तुत किए। उनकी मासूमियत और भावपूर्ण अभिनय ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री निवास बच्चों की हंसी और उल्लास से गुलजार रहा। मुख्यमंत्री साय ने बच्चों के साथ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरंतर तरक्की की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीला हमें धर्म, नीति और कर्तव्य पालन की प्रेरणा देती है। छत्तीसगढ़ की जनता की मेहनत और आस्था से प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है। हमारा संकल्प है कि भगवान श्री कृष्ण के उपदेशों से प्रेरणा लेकर छत्तीसगढ़ को न्याय, सद्भाव और विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। मुख्यमंत्री साय ने स्नेहपूर्वक सभी बच्चों को अपने हाथों से चाकलेट, शिक्षण सामग्री और प्रसाद का वितरण किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन न केवल हमारी परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ते हैं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, मितुल कोठारी, सुनील पिल्ले, मुख्यमंत्री निवास कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

CMYK